Roll No. ....

DD–2327

M. A. (Final) EXAMINATION, 2020

HINDI

Paper Seventh

(भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा)

Time : Three Hours

Maximum Marks : 100

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. भाषा से आप क्या समझते हैं ? इसकी प्रकृति का उल्लेख कीजिए। 15

अथवा

भाषा परिवर्तन के प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए।

2. स्वन क्या है ? स्वन-परिवर्तन के कारणों पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

ध्वनि परिवर्तन के कारणों का उल्लेख कीजिए।

3. रूपिम क्या है ? इसकी अवधारणा पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

वाक्य क्या है ? बनावट अथवा रचना के आधार पर इसके भेद को समझाइए।

4. हिन्दी के भौगोलिक विस्तार पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

हिन्दी की संवैधानिक स्थिति पर प्रकाश डालिए।

5. निम्नलिखित से किन्हीं चार पर टिप्पणियाँ लिखिए : प्रत्येक 5

(क) रूप विज्ञान

(ख) भाषा विज्ञान के क्षेत्र

(ग) अर्थ की दृष्टि से वाक्य

(घ) देवनागरी की वैज्ञानिकता

(ङ) हिन्दी वर्तनी की समस्याएँ

(च) वर्तनी शोधन

6. निम्नलिखित से किन्हीं बीस के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 20

(i) भाषा विज्ञान को अंग्रेजी में क्या कहा जाता है ?

(ii) 'हिन्दी भाषा का उद्‌भव और विकास' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(iii) दुनिया का प्रथम भाषा वैज्ञानिक किसे माना जाता है ?

(iv) 'मार्तण्ड' किसका पर्यायवाची शब्द है ?

(v) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त शब्द को क्या कहा जाता है ?

(vi) ब्रजभाषा किस क्षेत्र में बोली जाती है ?

(vii) हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है ?

(viii) संज्ञा की विशेषता बताने वाला शब्द क्या कहलाता है ?

(ix) अवध क्षेत्र में कौन-सी भाषा बोली जाती है ?

(x) 'अन' उपसर्ग के योग से एक शब्द बनाइये।

(xi) प वर्ग का अंतिम वर्ण लिखिए।

(xii) 'ध' वर्ण का उच्चारण स्थल बताइए।

(xiii) भारत में सबसे प्राचीन लिपि किसे माना गया है ?

(xiv) हरदेव बाहरी भाषा वैज्ञानिक हैं या आलोचक ?

(xv) तृतीय विभक्ति में किस कारक का प्रयोग होता है ?

(xvi) किस वर्ग के व्यंजन कण्ठ से उच्चरित होते हैं ?

(xvii) अवधी भाषा के किसी महाकाव्य का नाम लिखिए।

(xviii) 'अलमारी' किस भाषा का शब्द है ?

(xix) शब्द-संग्रह विज्ञान को क्या कहा जाता है ?

(xx) 'पन' प्रत्यय की सहायता से एक शब्द बनाइए।

(xxi) किसी अंतःस्थ व्यंजन को लिखिए।

(xxii) 'अष्टाध्यायी सूत्र' किसके द्वारा लिखित है ?

(xxiii) WWW का पूर्ण रूप लिखिए।

(xxiv) मराठी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है ?

(xxv) कोई एक अनुनासिक व्यंजन लिखिए।